संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा 1 अप्रैल से 15 अप्रैल, 2017 तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के एक भाग के रूप में 11 अप्रैल, 2017 को संसद ग्रंथालय भवन, संसद भवन, नई दिल्ली में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय की साझेदारी में विभिन्न राज्यों से माननीय संसद सदस्यों के साथ एक पारस्परिक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता माननीय संसदीय कार्य मंत्री श्री अनंतकुमार ने की। स्वच्छता अभियान में माननीय संसद सदस्यों को शामिल करने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई और कार्यशाला में प्रतिभागी सांसदों ने कार्यान्वयन से जुड़े कुछ वास्तविक मुद्दों को उठाया तथा 2 अक्तूबर, 2019 तक भारत को एक स्वच्छ और चमकता देश बनाने के लिए स्वच्छ भारत अभियान के अधिक प्रभावपूर्ण क्रियान्वयन के लिए बहुमूल्य सुझाव भी दिए।